**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**31.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

## राष्ट्रपति – दीक्षांत समारोह

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि वस्त्र और परिधान क्षेत्र न केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि यह लाखों लोगों को रोजगार और आजीविका भी प्रदान करता है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान–निफ्ट के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों से जुड़े रहते हुए वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया।

फैशन उद्योग में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर राष्ट्रपति ने कहा कि समारोह में शामिल करीब चार हजार विद्यार्थियों में लगभग 85 प्रतिशत महिलाएं हैं।

## अनिरुद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने आज शिमला जिला के मशोबरा स्थित राज्य पंचायत संसाधन केंद्र में नवनिर्मित डिजिटल स्टूडियो का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस स्टूडियो में पंचायती राज संस्थाओं के प्रशिक्षुओं व प्रतिनिधियों को आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होगी और पंचायत प्रतिनिधि नवीनतम तकनीक व उपकरणों की जानकारी हासिल कर ग्रामीण विकास को गति प्रदान कर सकेंगे। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि इस डिजिटल स्टूडियो में ऑनलाइन प्रशिक्षण, वेबिनार, वीडियो कॉन्फ्रेंस, विशेषज्ञ वार्ता, साक्षात्कार, जागरूकता कार्यक्रम और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की लाइव स्ट्रीमिंग की सुविधा उपलब्ध होगी।

## बिंदल

भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाएगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि 17 सितंबर को हर घर में सेवा नाम और 2047 विकसित भारत के संकल्प का दीप जलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान भाजयुमो द्वारा प्रदेशभर में रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे और स्कूलों में पेंटिंग, भाषण व निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। बिंदल ने बताया कि अभियान के तहत महिलाओं द्वारा विकसित भारत–2047 और मोदी जी के जीवन पर सेवा संकल्प रंगोली बनाई जाएगी।

राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव के समय दी गई झूठी गारंटियों व महिलाओं को ठगने को लेकर भाजपा सितंबर में एक सौ 70 स्थानों पर जन आंदोलन चलाएगी।

**बस सेवा**

मणिमहेश यात्रा को लेकर राज्य पथ परिवहन निगम ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। एच.आर.टी.सी. धर्मशाला मंडल के डी.एम. पंकज चड्ढा ने बताया कि यात्रा के दौरान चंबा से भरमौर, पठानकोट, कांगड़ा, धर्मशाला, हमीरपुर, पालमपुर, बैजनाथ और जोगिन्द्रनगर सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए नियमित बसों के साथ–साथ मांग के अनुसार अतिरिक्त बसें संचालित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि यदि श्रद्धालुओं का कोई समूह एक साथ यात्रा करना चाहता है, तो वे संबंधित क्षेत्रीय प्रबंधक से संपर्क कर स्पेशल बस की बुकिंग भी करवा सकता है। इसके अलावा बसों की व्यवस्थाओं और सेवाओं की निगरानी के लिए फ्लाइंग स्क्वैड व फिक्स्ड प्वांइट चैकिंग की व्यवस्था भी की गई है।

———————————————————